दिनांक 14 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत तालाबों में भरा जा रहा है पानी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बड़े जल स्रोतों से पानी छोड़े जाने पर विभिन्न संसाधनों के माध्यम से तालाब तक पानी पहुंचाया जा रहा है ताकि तालाब भरा रहे!

प्रायः यह देखा जाता है कि तालाब का जल स्तर गिर जाने से आसपास के क्षेत्रों के बोर, नल पंप, हैंड पंप आदि छोटे-छोटे स्रोत का जलस्तर भी गिर जाता है तथा विभिन्न मोहल्लों में दिनचर्या के कार्य में सम्मिलित तालाब भी एक माध्यम होता है जोकि मोहल्ले वासियों के लिए बहुत ही उपयोगी होती है, जिसको बनाए रखने के उद्देश्य से तालाबों में पानी भरने का कार्य प्रारंभ हो गया है!

निगम भिलाई द्वारा तालाबों में पानी भरने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें नेवई तालाब, शीतला तालाब, सूर्यकुंड तालाब आदि सम्मिलित है! तालाबों में मिलने वाले पानी दूषित न हो इसके लिए निगम भिलाई द्वारा आयुक्त के निर्देश पर विभिन्न नहर, नालियों में जाली लगा कर कचरे को रोका जा रहा है जिससे कि ऐसे कचरे तालाब में सम्मिलित न हो व तालाब का पानी विशुद्ध न हो!